विषय कोड : 
Subject Code : **201**

**SECONDARY SCHOOL EXAMINATION - 2022**

**माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2022**

**( ANNUAL / वार्षिक )**

# HINDI ( MT )

## मातृभाषा हिन्दी

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet
Set Code

**E**

201- 0607085
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

कुल प्रश्नों की संख्या : 100 + 6 = 106
**Total No. of Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 36
**Total No. of Printed Pages : 36**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :**

1. **परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।**
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।
6. **खण्ड-अ** में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**
7. **खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।**
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें ।** **50 × 1 = 50**

1. 'उस घर के कोने में बैठा हुआ आदमी जासूस है ।' – किस पदबंध का उदाहरण है ?

   (A) संज्ञा पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध

   (C) क्रियाविशेषण पदबंध (D) विशेषण पदबंध

2. 'जो लड़के अच्छे होते हैं, वे परिश्रमी होते हैं ।' – किस वाक्य का उदाहरण है ?

   (A) मिश्र वाक्य (B) सरल वाक्य

   (C) संयुक्त वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

3. 'आँखें चार होना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

   (A) नजर बचाना (B) आमने-सामने होना

   (C) उदासीन हो जाना (D) धाक जमाना





4. 'समान ( एक ही ) उदर से जन्म लेनेवाला' – के लिए एक शब्द है

   (A) मेघनाद (B) सव्यसाची

   (C) सहोदर (D) स्थानापन्न

5. 'वीर' शब्द का विलोम क्या है ?

   (A) सरल (B) क्षुद्र

   (C) मिलन (D) कायर

6. 'घरवाले के रहते एक अच्छी साड़ी नसीब नहीं हुई' – ऐसा किसने कहा ?

   (A) मंगम्मा (B) नजम्मा

   (C) लेखक की पत्नी (D) इनमें से कोई नहीं

7. घर पर दो लड़कियों और सालभर के लड़के को लेकर कौन अकेली है ?

   (A) पड़ोसन (B) लक्ष्मी

   (C) शंकर की बहन (D) गुणनिधि की माँ



BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

nned with CamScanner

8. माँ को कितनी पुत्रियाँ थीं ?

(A) तीन (B) चार

(C) दो (D) पाँच

9. 'यह बात अच्छी नहीं लगती कि माँ महीने भर इधर-उधर लुढ़कती रहे' – यह किसने कहा ?

(A) नारायण ने (B) पुष्पा ने

(C) भँवरी ने (D) कैलास ने

10. भर आयी आँखें पोंछकर किसने आकाश की ओर देखा ?

(A) सीता ने (B) पुष्पा ने

(C) भँवरी ने (D) राधा ने

11. 'उपकार' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) पुंलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं



12. 'लोगों ने चोर को मारा' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) करण कारक (B) संप्रदान कारक

(C) कर्म कारक (D) अपादान कारक

13. 'लेखक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) लेखकी (B) लेखकीत्री

(C) लेखकाइन (D) लेखिका

14. 'बहुत दूध' – किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) परिमाणबोधक (B) सार्वनामिक

(C) संख्यावाचक (D) गुणवाचक

15. 'वह आया था' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) भविष्यत काल (B) भूत काल

(C) वर्तमान काल (D) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

nned with CamScanner

16. व्युत्पत्ति की दृष्टि से शब्द के कितने भेद हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

17. 'वियोग' शब्द में उपसर्ग है

(A) इ (B) विय

(C) ई (D) वि

18. 'हँसोड़' शब्द में प्रत्यय है

(A) ओड़ (B) ड़

(C) सोड़ (D) अड़

19. 'ग्राम' शब्द का विशेषण है

(A) ग्रामण (B) ग्रामीण

(C) ग्रामणी (D) ग्रामीणी





20. 'चौराहा' कौन समास है ?

(A) द्वंद्व (B) तत्पुरुष

(C) द्विगु (D) कर्मधारय

21. सामाजिक विकास-क्रम में सामन्ती सभ्यता की अपेक्षा किस सभ्यता को अधिक प्रगतिशील कहा जा सकता है ?

(A) नैश्वरवादी सभ्यता को (B) एकेश्वरवादी सभ्यता को

(C) पूँजीवादी सभ्यता को (D) इनमें से कोई नहीं

22. मनुष्य और परिस्थिति का सम्बन्ध है

(A) सापेक्ष (B) मित्रवत

(C) निरपेक्ष (D) द्वन्द्वात्मक

23. जारसाही रूस के सोवितय समाज में पढ़े जाने वाले लोकप्रिय साहित्यकार कौन हैं ?

(A) तोल्सतोय (B) ऑलीवर

(C) थॉमस हार्डी (D) वाल्टर स्कॉट



BiharboardQuestionpaper.com
nned with CamScanner

24. पंडित बिरजू महाराज का संबंध नृत्य की किस शैली से है ?

(A) भरतनाट्यम्
(B) कथक
(C) कुचिपुडी
(D) इनमें से कोई नहीं

25. जब दिल्ली में हिन्दू-मुस्लिम दंगे होने लगे तो डर के मारे बिरजू महाराज और उनकी अम्मा कहाँ चले गए ?

(A) इलाहाबाद
(B) कलकत्ता
(C) लखनऊ
(D) पंजाब

26. जब बिरजू महाराज के बाबूजी की मृत्यु हुई, तब बिरजू महाराज कितने साल के थे ?

(A) साढ़े दस साल के
(B) साढ़े बारह साल के
(C) साढ़े ग्यारह साल के
(D) साढ़े नौ साल के

27. 'आविन्यों' क्या है ?

(A) ईसाई मठ
(B) मस्जिद
(C) मंदिर
(D) गुरुद्वारा





28. 'मछली' शीर्षक कहानी किस कहानी संकलन से ली गयी है ?

(A) पेड़ पर कमरा
(B) महाविद्यालय
(C) शहर अब भी संभावना है
(D) थोड़ी सी जगह

29. संतू भीगने से बचने के लिए कहाँ खड़ा हो गया ?

(A) झोपड़ी में
(B) पेड़ के नीचे
(C) मकान के नीचे
(D) मंदिर में

30. बिस्मिल्ला खाँ और शहनाई के साथ किस मुस्लिम पर्व का नाम जुड़ा है ?

(A) शब-ए-मेराज
(B) रमजान
(C) ईद-उल-फित्र
(D) मुहर्रम

31. कहानीकार सुजाता का असली नाम क्या है ?

(A) एम० रंगराजन
(B) एस० रंगराजन
(C) एल० रंगराजन
(D) एन० रंगराजन



BiharboardQuestionpaper.com
BiharboardQuestionpaper.com
nned with CamScanner

**E**

32. पाप्पात्ति कहाँ लेटी हुई थी ?

(A) खटिया पर (B) चौकी पर

(C) स्ट्रेचर पर (D) पलंग पर

33. 'रात में रोशनी जलती रहने से इसे नींद नहीं आती' – यह किसने कहा ?

(A) भाई ने (B) बहन ने

(C) दादी ने (D) माँ ने

34. 'दही वाली मंगम्मा' शीर्षक कहानी में, रास्ते में क्या है ?

(A) अमराई का कुआँ (B) आंम का बागीचा

(C) खेल का मैदान (D) मंदिर

35. मंगम्मा की बहू का क्या नाम है ?

(A) वंज्जमा (B) नंजम्मा

(C) संजम्मा (D) विल्लमा



**E**



36. सातकोड़ी होता का जन्म कब हुआ था ?

(A) 24 अक्टूबर, 1927 ई० (B) 11 अक्टूबर, 1928 ई०

(C) 29 अक्टूबर, 1929 ई० (D) 30 अक्टूबर, 1930 ई०

37. हल किराये पर लेकर बीघे भर जमीन में खेती कौन करवाती थी ?

(A) सरपंच (B) मुखिया

(C) तहसीलदार (D) लक्ष्मी

38. ईश्वर पेटलीकर किस भाषा के लोकप्रिय कथाकार हैं ?

(A) गुजराती (B) उड़िया

(C) कन्नड़ (D) पंजाबी

39. माँ जी किसे गोशालाओं की उपमा देतीं थीं ?

(A) घर को (B) अस्पताल को

(C) विद्यालय को (D) मंदिर को

40. कौन महीना माँ जी का आशा-भरा महीना था ?

(A) पूस (B) माघ

(C) अगहन (D) कार्तिक



BiharboardQuestionpaper.com
Scanned with CamScanner

**E**

41. 'शेखर : एक जीवनी' उपन्यास किसकी रचना है ?

(A) जीवनानंद दास
(B) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'
(C) रामधारी सिंह दिनकर
(D) रेनर मारिया रिल्के

42. 'एक वृक्ष की हत्या' शीर्षक कविता कुंवर नारायण के किस संकलन से ली गई है ?

(A) आत्मजयी
(B) अपने सामने
(C) इन दिनों
(D) कोई दूसरा नहीं

43. कवि वीरेन डंगवाल के अनुसार जीवन में महत्वपूर्ण क्या है ?

(A) आराम
(B) नींद
(C) घूमना
(D) संघर्ष

44. 'बीजाक्षर' शीर्षक काव्य संकलन किसकी रचना है ?

(A) अनामिका
(B) जीवनानंद दास
(C) वीरेन डंगवाल
(D) कुंवर नारायण



**E**



45. कवि जीवनानंद दास का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1896 ई० में
(B) 1899 ई० में
(C) 1897 ई० में
(D) 1898 ई० में

46. जीवनानंद दास की किस शीर्षक कविता को रवींद्रोत्तर युग की श्रेष्ठतम प्रेम कविता की संज्ञा दी गयी है ?

(A) झरा पालक
(B) धूसर पांडुलिपि
(C) वनलता सेन
(D) महापृथिवी

47. रेनर मारिया रिल्के का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) ऑस्ट्रिया
(B) फ्रांस
(C) जापान
(D) ग्रीक

48. 'मेरे बिना तुम प्रभु' शीर्षक कविता किस भाव की है ?

(A) रौद्र
(B) भक्ति
(C) वीर
(D) शृंगार



BiharboardQuestionpaper.com

nned with CamScanner

49. प्रेमघन जी किस युग के महत्वपूर्ण कवि थे ?

(A) द्विवेदी युग के
(B) छायावादी युग के
(C) भारतेन्दु युग के
(D) प्रयोगवादी युग के

50. कवि दिनकर किसके लिए 'सिंहासन' खाली करने की बात करते हैं ?

(A) स्त्रियों के लिए
(B) नवयुवकों के लिए
(C) गरीबों के लिए
(D) जनता के लिए

51. 'वह औरों को नहीं, अपने को सुधार रहा है' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निजवाचक
(B) निश्चयवाचक
(C) अनिश्चयवाचक
(D) संबंधवाचक

52. 'सुनीता रो रही है' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमान काल
(B) भूत काल
(C) भविष्यत काल
(D) इनमें से कोई नहीं





53. 'कुछ लोग' – कौन विशेषण है ?

(A) गुणवाचक
(B) संख्यावाचक
(C) परिमाणबोधक
(D) सार्वनामिक विशेषण

54. 'अनुकूल' शब्द में उपसर्ग है

(A) अ
(B) अन
(C) अनु
(D) अनुकू

55. 'झाड़ू' शब्द में प्रत्यय है

(A) उ
(B) ड़ू
(C) ड़
(D) ऊ

56. 'परिवार' शब्द का विशेषण रूप क्या है ?

(A) पारिवारिक
(B) परिवारी
(C) पारिवारिन
(D) परिवारनी



बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें..
BiharboardQuestionpaper.com
nned with CamScanner

**E**

57. 'सज्जन' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) कर्मधारय

(C) द्विगु (D) द्वंद्व

58. 'परिश्रम न करनेवाले छात्र अच्छे अंक नहीं पाते ।' – रेखांकित शब्द क्या है ?

(A) उपवाक्य (B) अव्यय

(C) पदबंध (D) सामासिक पद

59. 'लोकप्रिय व्यक्ति का सम्मान सभी करते हैं' – किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) संयुक्त वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) विस्मयवाचक वाक्य (D) सरल वाक्य

60. निम्न में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) हमारी सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने जा रहा है ।

(B) वकीलों ने कागजात का निरीक्षण किया ।

(C) यह काम आप पर निर्भर है ।

(D) कई सौ वर्षों तक भारत के गले में पराधीनता की बेड़ियाँ पड़ी रहीं ।



**E**



61. 'नानकाना साहब' अब कहाँ है ?

(A) तजाकिस्तान में (B) बलूचिस्तान में

(C) हिन्दुस्तान में (D) पाकिस्तान में

62. कवि रसखान किसके परम भक्त हैं ?

(A) कृष्ण के (B) राम के

(C) सीता के (D) दुर्गा के

63. कवि रसखान किस छंद में सिद्धहस्त थे ?

(A) दोहा (B) सवैया

(C) चौपाई (D) सोरठा

64. "प्रेम अयनि श्री राधिका" शीर्षक छन्द किस ग्रन्थ से संकलित है ?

(A) 'प्रेमवाटिका' से (B) 'सुजान रसखान' से

(C) 'रसखान रचनावली' से (D) इनमें से किसी से नहीं



BiharboardQuestionpaper.com
BiharboardQuestionpaper.com
nned with CamScanner

65. 'प्रयाग रामागमन' शीर्षक नाटक किसकी रचना है ?

(A) घनानंद

(B) अनामिका

(C) वीरेन डंगवाल

(D) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'

66. "हिन्दुस्तानी नाम सुनि, अब ये सकुचि लजात ।

भारतीय सब वस्तु ही, सों ये हाय घिनात ।।" – यह पंक्ति किस कविता से है ?

(A) स्वदेशी

(B) भारतमाता

(C) जनतंत्र का जन्म

(D) हमारी नींद

67. सुमित्रानंदन पंत का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1890 ई०

(B) 1900 ई०

(C) 1901 ई०

(D) 1850 ई०

68. कवि दिनकर के अनुसार कौन 'सोने का ताज' पहनकर इठला रही है ?

(A) देश की जनता

(B) देश के नेता

(C) देश की मिट्टी

(D) देश के देवी देवता





69. दिनकर के काव्य का मूल स्वर क्या है ?

(A) शृंगार

(B) रहस्यवाद

(C) प्रकृति और सौंदर्य

(D) ओज एवं राष्ट्रीय चेतना

70. हिंदी के आदिकवि कौन हैं ?

(A) सरहपाद

(B) अज्ञेय

(C) दिनकर

(D) पंत

71. बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर का जन्म किस राज्य में हुआ ?

(A) मध्य प्रदेश

(B) उत्तर प्रदेश

(C) महाराष्ट्र

(D) गुजरात

72. मैक्स मूलर ने कितने वर्ष की अवस्था में लिपजिग विश्वविद्यालय में संस्कृत का अध्ययन प्रारंभ किया ?

(A) बारह वर्ष

(B) अट्ठारह वर्ष

(C) सोलह वर्ष

(D) चौदह वर्ष



BiharboardQuestionpaper.com

nned with CamScanner

73. स्वामी विवेकानन्द ने 'वेदांतियों का भी वेदांती' किसे कहा है ?

(A) सरोजिनी नायडू को

(B) डॉ० कलाम को

(C) मैक्स मूलर को

(D) राजा राममोहन राय को

74. हक्सं क्या थे ?

(A) ज्योतिषाचार्य

(B) खगोल वैज्ञानिक

(C) भूगर्भशास्त्री

(D) वनस्पति वैज्ञानिक

75. 'आलोक पर्व' शीर्षक निबंध संग्रह किसकी रचना है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) यतीन्द्र मिश्र

(C) महात्मा गाँधी

(D) अशोक वाजपेयी

76. 'आदमी के नाखून क्यों बढ़ते हैं ?' – यह प्रश्न लेखक से किसने किया ?

(A) बड़ी लड़की ने

(B) छोटी लड़की ने

(C) मंझली लड़की ने

(D) इनमें से कोई नहीं



77. 'सहजात वृत्ति' किनका नाम है ?

(A) पहचानी स्मृतियों का

(B) भूली स्मृतियों का

(C) अनजानी स्मृतियों का

(D) पुरानी स्मृतियों का

78. विजयनगर के शासकों के लेख किस लिपि में हैं ?

(A) ब्राह्मी लिपि में

(B) सिंधु लिपि में

(C) खरोष्ठी लिपि में

(D) नंदिनागरी लिपि में

79. परमार शासक भोज कहाँ के रहने वाले थे ?

(A) धारा नगरी के

(B) मेवाड़ के

(C) कन्नौज के

(D) अजमेर के

80. बहादुर कितने वर्ष का था ?

(A) दस-ग्यारह वर्ष

(B) बारह-तेरह वर्ष

(C) नौ-दस वर्ष

(D) तेरह-चौदह वर्ष



BiharboardQuestionpaper.com

nned with CamScanner

81. कवि सुमित्रानंदन पंत के अनुसार 'भारतमाता' की कितनी संतानें दरिद्रता और अभाव से ग्रसित हैं ?

(A) तीस करोड़
(B) दस करोड़
(C) बीस करोड़
(D) पच्चीस करोड़

82. 'अयोध्या के राजा दशरथ के चार पुत्र थे' – कौन पदबंध है ?

(A) विशेषण पदबंध
(B) संज्ञा पदबंध
(C) क्रिया पदबंध
(D) क्रिया विशेषण पदबंध

83. 'समूह' शब्द का पर्यायवाची शब्द निम्न में कौन है ?

(A) मरीची
(B) रमणी
(C) संघ
(D) जातरूप

84. 'रक्षक' शब्द का विलोम है

(A) रागी
(B) भक्षक
(C) रत
(D) रचना





85. 'याचना करनेवाला' – के लिए एक शब्द है

(A) वाचक
(B) आलोच्य
(C) याचक
(D) द्रष्टव्य

86. 'कुत्ते की मौत मरना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(A) बहुत अलग रहना
(B) बराबर मानना
(C) बाधा दूर होना
(D) बुरी तरह मरना

87. 'दिनानुदिन' कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव
(B) तत्पुरुष
(C) कर्मधारय
(D) द्विगु

88. 'ट' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) तालु
(B) मूर्द्धा
(C) दंत
(D) ओष्ठ



BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

nned with CamScanner

**E**

89. 'पंचम' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) पं + चम
(B) पन् + चम
(C) पम् + चम
(D) पंच + म

90. निम्न में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) शसि
(B) महत्व
(C) मरन
(D) महत्त्वाकांक्षा

91. 'आ, इं, ऊ' हैं

(A) दीर्घ स्वर
(B) ह्रस्व स्वर
(C) संयुक्त स्वर
(D) इनमें से कोई नहीं

92. 'फ' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) दंत
(B) ओष्ठ
(C) तालु
(D) मूर्द्धा



**E**



93. "स्वार्थ" का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) सु + अर्थ
(B) स्व + अर्थ
(C) स + अर्थ
(D) स्वा + अर्थ

94. निम्न में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) यशलाभ
(B) सम्वरण
(C) सदोपदेश
(D) स्वयंवर

95. 'सिपाही-विद्रोह' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक
(B) जातिवाचक
(C) भाववाचक
(D) समूहवाचक

96. 'पिंजड़ा' शब्द है

(A) तत्सम
(B) तद्भव
(C) देशज
(D) विदेशज



बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..
BiharboardQuestionpaper.com
nned with CamScanner

97. 'तनय' का स्त्रलिंग रूप क्या है ?

(A) तनयी (B) तनियी

(C) तनया (D) तनयु

98. 'अकाल' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) पुंलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

99. 'को, के लिए' – किस कारक का विभक्ति चिह्न है ?

(A) कर्ता (B) अधिकरण

(C) संप्रदान (D) करण

100. 'शिकारी ने बाघ मारा' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) करण कारक (B) संबंध कारक

(C) अपादान कारक (D) कर्म कारक





खण्ड - ब

विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा ।

5 × 2 = 10

(क) "आदर्श व्यक्ति कर्मशीलता में ही अपने जीवन की सफलता समझता है । जीवन का प्रत्येक क्षण वह कर्म में लगाता है । विश्राम और विनोद के लिए उसके पास निश्चित समय रहता है । शेष समय जन सेवा में व्यतीत होता है । हाथ पर हाथ धरकर बैठने को वह मृत्यु के समान समझता है । काम करने की उसमें लगन होती है । उत्साह होता है । विपत्तियों में भी वह अपने चरित्र का सच्चा परिचय देता है । धैर्य रूपी कुदाली से वह बड़े-बड़े संकट रूपी पर्वतों को तोड़ देता है । उसकी कार्यकुशलता देखकर लोग दाँतों तले ऊँगली दबाते हैं । संतोष उसका धन है । वह परिस्थितियों का दास नहीं परिस्थितियाँ उसकी दासी हैं ।"

(i) आदर्श व्यक्ति किसमें अपनी सफलता समझता है ?



BiharboardQuestionpaper.com

Scanned with CamScanner